# प्रसार भारती
## प्रादेशिक समाचार एकांश
## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 15.12.2025

मुख्य समाचारः–

- भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यभार संभाला।

- राज्य विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज सदन में मुख्य रूप से धान खरीदी और बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे गूंजे।

- आईआईटी भिलाई में डाक विभाग ने युवाओं के लिए शुरू किया 'जेन जी पोस्ट ऑफिस'।

- सूरजपुर जिले के भैंसामुंडा के जंगल में एक बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत।

अब समाचार विस्तार से .....

नितिन नबीन–पदभार

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री और पूर्व पार्टी अध्यक्ष अमित शाह, निर्वतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने श्री नबीन का स्वागत किया और कार्यभार संभालने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

नितिन नबीन बिहार सरकार में मंत्री हैं। वे भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी भी हैं। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके पदभार संभालने पर आज भाजपा के रायपुर स्थित कार्यालय में लोगों ने जश्न मनाया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी श्री नबीन के पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री नबीन की संगठनात्मक क्षमता, कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और सुदृढ़ रणनीति ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा किया है।

विस सत्र–दूसरा दिन

राज्य विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज सदन में मुख्य रूप से धान खरीदी और बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे गूंजे। आज की कार्यवाही के बारे में ब्यौरा दे रहे हमारे संवाददाता अभिषेक कुमार –

वॉयस ओवर

आज विधानसभा में प्रश्नकाल के तुरंत बाद नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने धान खरीदी में अव्यवस्था का मामला उठाया और काम रोको प्रस्ताव की सूचना देकर तुरंत चर्चा कराने की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने काम रोको प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति दी। ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी प्रक्रिया में अव्यवस्था और कुप्रबंधन के चलते किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी से जुड़ी समितियों के प्रबंधक, कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं और सरकार उनकी मांगे मानने की बजाय उन पर कार्रवाई कर रही है।

चर्चा का जवाब देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए कहा कि प्रदेश में धान खरीदी व्यवस्था बेहतर हुई है और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए टोकन व्यवस्था का सरलीकरण किया

गया है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी के बदले अब तक साढ़े सात हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान हो चुका है। उन्होंने इस बात से इंकार किया कि धान खरीदी को लेकर किसानों में आक्रोश है।

विस सत्र—दूसरा दिन—02

इससे पहले, आज प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने बेरोजगारों का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह जानना चाहा कि बीते एक अप्रैल दो हजार चौबीस की स्थिति में प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है। जवाब में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि इस अवधि में ग्यारह लाख उनतालीस हजार से अधिक पंजीकृत बेरोजगार हैं। मंत्री ने बताया कि बेरोजगारों के लिए रोजगार मेले और प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अभी की स्थिति में करीब पन्द्रह लाख के आसपास पंजीकृत बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित कर चौदह हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने अपने बजट में बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया है, लेकिन इसे दिया नहीं जा रहा है।

इस पर मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को सक्षम और सामर्थ्यवान बना रही है। इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए पहला अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें पैंतीस हजार करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट पर कल सदन में चर्चा होगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए विधानसभा परिसर नवा रायपुर अटल नगर से मैं अभिषेक कुमार।

ओपी चौधरी—पत्रकारवार्ता

आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया है कि भविष्य में अविक्रित स्टॉक से बचने के लिए प्रदेश में नई निर्माण नीति लागू की गई है। अब मांग आधारित निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे वित्तीय जोखिम कम होगा।

आज नवा रायपुर में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आवास और पर्यावरण विभाग ने विगत दो वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आवास और पर्यावरण मंडल को ऋण मुक्त करने के लिए सात सौ पैंतीस करोड रूपए की बकाया राशि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। वर्तमान में मंडल पर कोई ऋण नहीं है। वहीं, एकमुश्त निपटान योजना ओटीएस—टू शुरू कर बारह सौ से अधिक संपत्तियों की बिक्री कर एक सौ नब्बे करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है।

श्री चौधरी ने बताया कि आवंटियों की सुविधा और योजनाओं में पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन पोर्टल को और सुदृढ किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम यूनिटी मॉल, टेक्सटाइल पार्क और सेमीकंडक्टर तथा आईटी क्षेत्र में निवेश से निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा।

एसआईआर—समीक्षा बैठक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर में बैठक लेकर निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने—अपने विधानसभा क्षेत्रों में गणना पत्रकों का भौतिक परीक्षण कर, बीएलओ ऐप में अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं, उनके संबंध में आवश्यक प्रमाण भी सुरक्षित रखे जाए।

श्री कुमार ने निर्देश दिए कि छूटे हुए सभी पात्र मतदाताओं का पुनरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और अनुपस्थित, स्थानांतरित तथा मृत श्रेणी के मतदाताओं का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सटीक सत्यापन कर

आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अप्राप्त गणना पत्रकों की सूची के संबंध में राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ समन्वय बनाकर

"जेन ज़ी पोस्ट ऑफिस"

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई में "जेन ज़ी पोस्ट ऑफिस" पहल की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अजय सिंह चौहान और आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने आज इस डाकघर का शुभारंभ किया। इस पोस्ट ऑफिस को शुरू करने का उद्देश्य नई पीढ़ी, विशेषकर जेन ज़ी को डाक नेटवर्क से निरंतर रूप से जोड़ना तथा डाक सेवाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके जरिए युवाओं को डाक विभाग की बदलती भूमिका जैसे डाक बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल सेवाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराया जाएगा। वहीं, विद्यार्थियों को डाक सेवाओं से जुड़े नवाचार, सुझाव और सहभागिता के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

बाघ–मौत

सूरजपुर जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र स्थित भैंसामुंडा के जंगल में एक बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वन विभाग की प्राथमिक जांच में बाघ के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हमले की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

वहीं, खैरागढ़ जिले के मुढ़ीपार कोपेनवागांव के जंगल में भी एक तेंदुआ रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया है। ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। प्राथमिक जांच में तेंदुए के चारों पैरों के नाखून गायब मिले हैं और उसका जबड़ा भी नहीं मिला है। मौके पर डॉग स्क्वायड से जांच कराई जा रही है और संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा ''एसबीआई सम्मान राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि'' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल सोलह दिसंबर को सुबह सवा नौ बजे से साढ़े नौ बजे तक आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से सुना जा सकेगा। इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्रों से किया जाएगा।

श्रम हितग्राही–भुगतान

श्रम विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सफाई कर्मियों के लिए संचालित आवश्यक उपकरण सहायता योजना के लिए चुने गए आठ हितग्राहियों को राशि का भुगतान तकनीकी कारणों से नहीं हो पाया है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि पंजीयन के समय गलत बैंक खाता नंबर, बैंक खाता बंद या मर्ज होने तथा आईएफसी कोड में बदलाव जैसी स्थितियों के कारण भुगतान करना संभव नहीं होता है श्रम विभाग की ओर से अपील की गई है कि हितग्राही दस दिनों के भीतर जरूरी विवरण उपलब्ध कराएं, नहीं तो उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा।

पर्यटन बोर्ड–लोकनृत्य प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की ओर से राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बीते आठ दिसंबर से इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों, रिसॉर्ट्स और रायपुर स्थित पर्यटन बोर्ड के प्रधान कार्यालय में किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्नीस दिसंबर को सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित करमा रिसॉर्ट में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन बोर्ड ने राज्य के युवाओं, पर्यटकों और आम नागरिकों से अपील की है कि इक्कीस दिसंबर तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में भाग लें।

अर्चिता मिस्त्री–अंडर–19 क्रिकेट

कोंडागांव जिले में फरसगांव ब्लॉक के जुगानी कैंप की अर्चिता मिस्त्री  हैदराबाद में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अर्चिता को आगामी वुमेंस अंडर–नाइंटीन क्रिकेट वनडे ट्रॉफी के लिए चुना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>